राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने सी॰पी॰आई॰ के राज्य सचिव एवं पूर्व विधायक श्री सत्यनारायण सिंह के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 03 अगस्त 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने सी॰पी॰आई॰ के राज्य सचिव एवं पूर्व विधायक श्री सत्यनारायण सिंह के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि स्व॰ सत्यनारायण बाबू बराबर समाज के कमजोर और अभिवंचित वर्ग के विकास के लिए संघर्षरत रहे। उनके निधन से बिहार के सामाजिक–राजनीतिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत नेता की आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोक–संतप्त परिजनों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....